पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———

राज्यपाल ने फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर दुःख व्यक्त किया

———

लखनऊः 30 अप्रैल, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने फिल्म जगत के सदाबहार अभिनेता ऋषि कपूर के निधन पर गहरा दुःख एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि मनोरंजन की दुनियां का आज दूसरा बड़ा सितारा इस संसार को अलविदा कह गया। वे एक जिंदादिल इंसान थे, जिसकी झलक उनकी फिल्मों के अलावा बाहरी दुनिया में भी दिखाई देती है। उनके निधन से फिल्म जगत में एक रिक्तता उत्पन्न हो गयी है जिसकी पूर्ति होना अत्यंत कठिन है।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (167/12)